अतिरिक्त संलग्नक 2.1

# प्रतिवेदन

**परियोजना का नामः–** जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र धनौल्टी में राज्य योजना के अन्तर्गत ठांगधार – थौलधार मोटर मार्ग का नव निर्माण।

*उपरोक्त मोटर मार्ग के नव निर्माण राज्य योजना के अन्तर्गत शासनादेश संख्या* 89/लो0नि0–1/ 2004 –06 (प्रा0आ0)/2004 दिनांक 6.2.2004 *के द्वारा 10.00 किमी ल0. लागत 139.00 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त है।*

यह मार्ग चम्बा मसूरी मोटर मार्ग के किमी0 15 से प्रारम्भ होता है। तथा मार्ग की कुल वास्तविक लम्बाई लम्बाई 7.775 कि0मी0 ही आ रही है। इस मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 4.275 कि.मी. लम्बाई मे आरक्षित वन भूमि जिसका क्षेत्रफल 2.9925 है0, तथा 3.500 किमी. लम्बाई मे नाप भूमि जिसका क्षेत्रफल 2.45 है0, की आवश्यकता है।

इस मार्ग के नव निर्माण से क्षेत्र के समुचित विकास के साथ–साथ स्थानीय जनता लाभान्वित होगी तथा ग्राम क्षेत्रवासियों के लिये यातायात की सुविधा का लाभ प्राप्त होगा। मार्ग निर्माण हेतु उक्त प्रस्तावित वन भूमि लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड को हस्तान्तरित की जानी आवश्यक एवं न्यूनतम है।

इस मार्ग का संयुक्त निरीक्षण 7.00 मीटर चौड़ाई में पेड़ों की गिनती के साथ प्रस्तुत किया गया, जिसमे कुल **673** वृक्ष आ रहे हैं, जिसमें बॉज प्रजाति के नाप भूमि में 102 **वृक्ष प्रभावित हो रहें हैं**। (संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट संलग्न है।) प्रस्ताव में वनभूमि हस्तानान्तरण हेतु मार्ग की चौड़ाई 7.00 मीटर ली गयी है। मार्ग से लाभान्वित होने वाले ग्रामों की सूचि निम्न प्रकार है–

| क0सं0 | ग्राम | कोड | आवादी |
|---|---|---|---|
| 1 | **बरवालगांव** | 003999200 | 425 |
| 2 | **क्यूलागी** | 00399300 | 739 |
| 3 | **नैर कैथोगी चक** | 00397900 | 62 |

**मार्ग पर पड़ने वाली भूमि का विवरण निम्न प्रकार है :–**

3. **आरक्षित वन भूमि का क्षेत्रफल – 2.9925 है0 (लम्बाई 4.275 कि0मी0)**
4. **नाम भूमि का क्षेत्रफल – 2.45 है0 (लम्बाई 3.500 कि0मी0)**

अपर सहायक/कनिष्ठ अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0
चम्बा।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0
चम्बा।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0
चम्बा।